कार्रवाई | औद्योगिक क्षेत्र में संयुक्त टीम ने दी दबिश, लायसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू

गदंगी के बीच खाद्य पदार्थों की प्रोसेसिंग

नवभारत, कटनी। जिले में खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वाली औद्योगिक इकाईयों का औचक निरीक्षण कर मिलावटी और गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में राजस्व विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र लमतरा स्थित खाद्य इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को महावीर ट्रेडिंग कंपनी में सरसों, जो मसालों में उपयोग होती है, को फिल्टर कर बोरों में पैक कर बाजार में विक्रय किए जाने की जानकारी मिली। वहीं खाद्य पदार्थों का प्रोसेसिंग और स्टोरेज अत्यंत गंदगी व अस्वस्थ्यकर परिस्थितियों में पाया गया। इसके अलावा सरसों के फिल्टर किए गए वेस्ट से तेल निकालकर एक टैंक में संग्रहित किया गया था, जिसका सैंपल मांगने पर संचालकों द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री संचालक मौके पर मौजूद नहीं मिले और सूचना देने के बाद भी उपस्थित नहीं हुए। प्रभारी द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट और खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। टीम ने मौके से सरसों के दो सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए हैं। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए फैक्ट्री का लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में लमतरा स्थित क्षितिज फूड मसाला फैक्ट्री में भी निरीक्षण कर धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। पूरी कार्रवाई तहसीलदार आकाश नीरज की उपस्थिति में की गई। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कहा है कि मिलावटखोरी और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। दबिश कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही।

तीथदर्शन योजना से वृंदावन जाने का अवसर

नवभारत, कटनी। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अन्तर्गत मथुरा-वृंदावन की तीर्थयात्रा के लिए जिले के वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक तीर्थयात्री निर्धारित प्रारूप में 11 जुलाई तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। यह यात्रा 25 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। यात्रा के लिए विशेष ट्रेन बालाघाट-नैनपुर से प्रारंभ होकर जबलपुर और कटनी स्टेशनों पर रुकते हुए मथुरा-वृंदावन जाएगी और इसी मार्ग से वापस लौटेगी। इस यात्रा के लिए कटनी जिले के लिए 196 सीटें आवंटित की गई हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत मथुरा-वृंदावन तीर्थयात्रा के लिए आमजन से आवेदन पत्र प्राप्त करने, पूरी व्यवस्था करने के लिए शहरी क्षेत्र से नगर निगम स्तर पर उपायुक्त, नगर पालिका, नगर परिषद स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और ग्रामीण, ब्लॉक स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ नोडल अधिकारी होंगे।

भ्रमित नहीं हो राहगीर, लगाए लॉजिस्टिक्स डिस्प्ले बोर्ड

पुलिस अधीक्षक ने किया डायवर्सन प्वाइंट का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा नेशनल हाईवे में हो रही दुर्घटनाओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पीर बाबा ओवर ब्रिज के पास कटनी अंदर आने प्रवेश मार्ग डायवर्सन प्वाइंट पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि जो सांकेतिक चिन्ह नष्ट हो गए हैं उन्हें दोबारा लगाया जाए। दुर्घटनाएं रोकने सिक्योरिटी लॉजिस्टिक्स जैसे डिस्प्ले बोर्ड, लगाया जाए जिससे कटनी शहर के अंदर प्रवेश करने वाले यात्रियों को दुविधा और भ्रम का सामना नहीं करना पड़े। पीर बाबा बाईपास के पास जिन दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है उन्हें भी हटाने की सख्त निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए। झिंझरी चौकी और थाना यातायात प्रभारी को लगातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मौके पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारी उपस्थित रहे, पुलिस अधीक्षक द्वारा टूटे हुए डायवर्जेंट पोल, लाइटों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए, तेज गति से और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक ने वाहन चैकिंग कर बगैर हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। साथ ही सड़क के ऐसे स्थानों को चिन्हित कर ब्लैक स्पॉट घोषित करने और आवश्यक इंतजाम करने के लिए कहा गया है।

एक नजर में

सैलो खरीदी केन्द्र में परेशान हो रहे किसान

नवभारत, कटनी। जिले की बहोरीबंद तहसील में गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर किसान परेशान हैं। सैलो पटोरी खरीदी केंद्र पर 22 खरीदी केंद्रों को एक साथ जोड़ दिए जाने से किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि भीषण गर्मी और लू के बीच उन्हें अपनी उपज की तुलाई के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। केंद्रों पर अव्यवस्था और अनियमितताओं के भी आरोप लगाए गए हैं। नाराज किसानों ने बहोरीबंद एसडीएम कार्यालय का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने कलेक्टर के नाम मांग पत्र भी सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो चक्काजाम और आमरण अनशन किया जाएगा। किसानों ने कुआं और जुजावल खरीदी केंद्र को तुरंत संयुक्त रूप से शुरू करने की मांग की है। बहोरीबंद और क्योलारी केंद्रों को भी साथ संचालित करने की बात कही गई है। बचैया केंद्र में हथियागढ़ केंद्र को जोड़ने की मांग भी की गई है, ताकि किसानों को ज्यादा दूरी तय नहीं करनी पड़े। किसानों ने कहा कि जिनकी स्लॉट बुकिंग होने के बाद भी तुलाई नहीं हुई, उनकी स्लॉट फिर से बुक की जाए। स्लॉट बुकिंग के लिए पोर्टल को दोबारा खोला जाए।

बस ने मारी बाइक को टक्कर, दो युवकों की मौत

बरही थाना क्षेत्र के बरही-उमरिया सड़क पर हादसा

नवभारत, कटनी। जिले के बरही क्षेत्र में हुए हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। बरही-उमरिया रोड पर ग्राम करौंदी के पास एक तेज रफ्तार यात्री बस ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

मृतकों की पहचान बिच्छूपूरा निवासी सुखलाल कोल (27 वर्ष) और उमरिया के ग्राम कुड़ी निवासी रामकिशन कोल (18 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक ग्राम करेला में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से वापस लौटते समय करौंदी गांव के पास बरही से उमरिया की ओर जा रही बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बरही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया है और उसे खितौली चौकी में खड़ा कराया गया है। बरही थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि दुर्घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तेंदुपत्ता संग्रहण फड़ों पर मजदूरों के लिए नहीं हैं बुनियादी सुविधाएं

भीषण गर्मी में पानी तक को तरस रहे मजदूर

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी वन मंडल क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम तेज़ी से जारी है। लेकिन हरा सोना कहलाने वाले तेंदूपत्ते को तोड़ने वाले मजदूर खुद बदहाल हालात में जिंदगी काटने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में घंटों धूप में खड़े होकर मजदूर पत्तों की गिनती करवा रहे हैं, जबकि फड़ों पर पीने के पानी, छांव और प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। रीठी वन मंडल क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन शुरू होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूर जंगलों की ओर निकल पड़े हैं। तेंदूपत्ता आदिवासी और वनवासियों की आजीविका का साधन भी है। भीषण गर्मी में सुबह चार बजे से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ने पहुंच जाते हैं। हिंसक जानवरों का खतरा, सर्पदंश की आशंका और तेज धूप के बीच मजदूर दिनभर पत्ते इकट्ठा कर उनकी गड्डियां तैयार करते हैं। ग्रामीण परिवारों के लिए यही सीजन सालभर की जरूरतें पूरी करने की उम्मीद लेकर आता है। बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और घरेलू खर्चों का बड़ा सहारा यही कमाई होती है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य का संचालन मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ के माध्यम से किया जाता है, जिसमें वन विभाग और प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों की अहम भूमिका रहती है। रीठी, बिलहरी और सिहुंडी समितियों के अंतर्गत बनाए गए तेंदूपत्ता फड़ों पर मजदूरों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य माना जाता है। नियमों के अनुसार प्रत्येक फड़ पर सूचना बोर्ड लगाना भी जरूरी है। लेकिन कई फड़ों पर मजदूरों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा। तपती धूप में घंटों लाइन लगाकर मजदूर पत्तों की गिनती की जा रही है।

समारोह में लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर एफआईआर की मांग

बहुजन समाजवादी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत, कटनी। जिले के इंदिरा नगर में दलित समुदाय की बारात के दौरान हुई मारपीट और पुलिस प्रताड़ना के विरोध में बसपा ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को बसपा प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पीड़ित परिजनों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। ज्ञापन के अनुसार, 20 अप्रैल को इंदिरा नगर में अनुसूचित जाति की बारात के दौरान एएसआई सिद्धार्थ राय और एएसआई सौरभ सोनी ने कथित तौर पर शराब के नशे में बारातियों के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्रता की। विवाद बढ़ने पर पुलिसकर्मियों और कुछ असामाजिक तत्वों ने खाना खा रहे बारातियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान शादी का खाना भी फेंक दिया गया। पुलिसिया कार्रवाई और हमले में दुल्हन की मां का हाथ फ्रैक्चर हो गया है, जबकि दूल्हा-दुल्हन सहित कई अन्य बाराती घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि पुलिस ने बिना महिला बल के दुल्हन को हिरासत में लेकर 'हाउस अरेस्ट' किया। इसके अलावा दूल्हे और दुल्हन के भाई को किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर प्रताड़ित करने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बसपा ने राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में एएसआई सिद्धार्थ राय, सौरभ सोनी और अन्य संलिप्त पुलिसकर्मियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें निलंबित करने की मांग की है। साथ ही, पीड़ित पक्ष पर दर्ज की गई कथित फर्जी एफआईआर को वापस लेने और वीडियो फुटेज के आधार पर हमलावर बाहरी तत्वों की गिरफ्तारी की मांग उठाई गई है। डिप्टी कलेक्टर ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

मानकों का रखें ध्यान, गुणवत्ता को दें प्राथमिकता

जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने ढाई से तीन किलोमीटर पैदल चलकर विकासखंड ढीमरखेड़ा के दूरस्थ आधा दर्जन से अधिक गांवों में निर्माण और विकास कार्यों की नब्ज़ टटोली। इस दौरान उन्होंने ढीमरखेड़ा, कोठी, झिन्ना पिपरिया, भमका, खमतरा पहरुआ सहित अन्य गांव पहुंचकर, नवीन स्वीकृत जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य स्थल,गेहूं खरीदी केंद्र, जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत तालाब, डगवेल, आंगनवाड़ी भवन और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में लैब, अतिरिक्त कक्ष निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता को परखा और प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ढीमरखेड़ा मुख्यालय में 5 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन नवीन स्वीकृत जनपद पंचायत भवन की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने साइट सिलेक्शन की सराहना करते हुए ड्राइंग , डिजाइन, एस्टीमेट जानकारियां लीं। उन्होंने कार्य स्थल पर श्रमिकों के लिए बुनियादी पर्याप्त और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद आयरन राड्स और अन्य सामग्री का बारीकी से मुआयना करते हुए दो टूक कहा कि उपयोग में लाने वाली सामग्री आईएसआई मान्यता प्राप्त प्रयुक्त की जाए। ढीमरखेड़ा में निर्माण कार्य स्थल के बाजू से प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कंप्रेसिव टेस्टिंग मशीन सहित अन्य उपकरणों के विषय में जानकारी ली। सीटीएम कांक्रीट क्यूब की टेस्टिंग कराई गई और फील्ड लैब की फंक्शनिंग की जांच की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने साइट इंस्पेक्शन रजिस्टर में टिप लिखते हुए हस्ताक्षर किए। इस दौरान उन्होंने कार्य स्थल पर श्रमिकों की संख्या की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने झिन्ना पिपरिया के गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते हुए किसानों से चर्चा की। खरीदी केंद्र प्रभारी से गेहूं का स्टॉक, उठाव, स्लॉट बुकिंग, उपार्जित गेहूं , किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं शुद्ध पेयजल, छाया की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने जनमन आंगनबाड़ी भवनों और मुर्गी पालन शेड का अवलोकन किया। आंगनबाड़ी भवन की प्रशंसा करते हुए मुर्गी पालन शेड निर्माण के संबंध में ग्राम पंचायत कोठी के सरपंच से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 45 मुर्गी का पालन शेड निर्माण कराया जाकर काम पूरे हो गए हैं। इससे ग्राम वासियों को परिवार के पोषण के लिए आर्थिक सहायता मिल सकेगी। आंगनवाड़ी भवन में जिला पंचायत सीईओ ने छोटे-छोटे बच्चों से सवाल कर उनका हौसला बढ़ाया। जिला पंचायत सीईओ ने जल संरचनाओं के निर्माण में स्थल चयन, तकनीकी मानकों का पालन, नियत समय में कार्यों की गुणवत्ता के साथ पूर्णता और अधिक से अधिक जनोपयोगी बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने तालाब का निरीक्षण कर नाराजगी जताते हुए साफ तौर पर कहा कि बारिश का पानी जल संरचनाओं में इकट्ठा होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने डगवेल और खेत तालाब के कार्यों को भी देखा। जिला पंचायत सीईओ ने पहरुआ में 123 लाख की लागत से निर्माणधीन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन नग लैब, चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की प्रगति को देखा। उन्होंने पीआईयू के अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री मेघा मौर्य,जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री युजवेंद्र कोरी, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक कमलेश सैनी, सहायक यंत्री अजय केसरबानी,योगेंद्र असाटी, उमेश सोनी, उपयंत्री सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

अधिकारी-कर्मचारियों के अप-डाउन से परेशानी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनमानी जारी

नवभारत, रीठी। जिले की रीठी तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों कर्मचारियों की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। यहां पदस्थ कुछ कर्मचारी और अधिकारी स्वयं शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर मैदानी कर्मचारियों को ईमानदारी और अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि शासकीय कर्मचारी अपने मुख्यालय में निवास करें और सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य प्रारंभ करें। इसके बावजूद स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कुछ कर्मचारी मुख्यालय में न रहकर कटनी शहर से रोजाना अप-डाउन कर रहे हैं। स्थिति यह है कि कई कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते, लेकिन जब बात मैदानी कर्मचारियों की आती है तो उन्हीं कर्मचारियों का अफसरशाही अंदाज देखने को मिलता है। ड्यूटी में ईमानदारी और समय पालन का रौब झाड़ते हुए कर्मचारियों को फटकार लगाई जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जिम्मेदार कर्मचारी खुद नियमों का पालन नहीं कर रहे तो दूसरों को नसीहत देना सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में कोई कार्रवाई करते हैं या फिर नियमों की अनदेखी का यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। कर्मचारियों की इस मनमानी से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नियमों का पाठ पढ़ाने वाले स्वंय नियमों को दरकिनार कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की इस ओर ध्यान देना चाहिए।

20 को ऑल इंडिया कैमिस्ट का बंद

दवा विक्रेता संघ ने दिया बंद को समर्थन

नवभारत, उमरियापान। जिले की तहसील ढीमरखेड़ा में दवा विक्रेता संघ ने 20 मई 2026 को प्रस्तावित ऑल इंडिया कैमिस्ट्स बंद का समर्थन किया है। तहसील संयोजक राजेश ब्यौहार ने तहसील के सभी दवा विक्रेताओं से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री बंद करने, जीएसआर को वापस लेने, कारपोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट पर रोक लगाने, नकली दवाइयों पर नियंत्रण और कोविड काल में लागू जीएसआर को वापस लेने की मांग को लेकर यह बंद आयोजित किया जा रहा है। दवा विक्रेता संघ का कहना है कि ऑनलाइन और कॉरपोरेट दवा बिक्री से छोटे दवा व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, वहीं नकली दवाइयों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। संघ ने सरकार से जनहित और दवा व्यवसायियों के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। तहसील संयोजक राजेश ब्यौहार ने मरीजों और आम नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोग बंद में सहयोग करने की बात कही है।

विकास | जाकिर हुसैन वार्ड में निर्माण कार्यों का वरिष्ठ नागरिकों ने महापौर की मौजूदगी में किया भूमिपूजन

वार्डवासियों को मिलेगी बेहतर आवागमन की सुविधा, स्वच्छता के साथ सुंदर होगा शहर

नवभारत, कटनी। शहर को सुंदर, आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त बनाने के संकल्प के साथ नगर निगम ने विकास का एक नया अध्याय लिखा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा संजीव तिवारी, मेयर इन काउंसिल सदस्यों की विशेष मौजूदगी में डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित डेहर लाइन में विभिन्न स्थानों पर लगभग 12 लाख की लागत से होने वाले पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम कराया गया। यह कार्य क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती देगा और वार्ड वासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन वार्ड स्थित प्रसिद्ध दुर्गा देवी मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद वार्ड के वरिष्ठजन अशोक शर्मा और सुभाष गर्ग द्वारा विधि-विधान पूर्वक और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्य संपन्न कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क और आवागमन व्यवस्था नागरिक सुविधाओं से सीधे जुड़ा विषय है। पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा वार्ड की सुंदरता और स्वच्छता में भी वृद्धि होगी। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा संजय तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि वार्डवासियों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी।

जनता की आवश्यकता को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वार्ड के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए उनके प्रयास आगे भी इसी तरह लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों द्वारा महापौर और क्षेत्रीय पार्षद का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विकास कार्य के शुभारंभ अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार सहित पार्षद शकुंतला सोनी, संजय तिवारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और काफी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति उपस्थित रहीं। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद महापौर और अन्य जनप्रतिनिधि श्रीरामजानकी हनुमान वार्ड स्थित रामजानकी हनुमान मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ.राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनीग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024